# प्रेस नोट थाना कोतवाली

# जनपद शाहजहाँपुर

## दिनांक – 11.08.2026

### थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 09.08.2026 को वादी रजनीश पुत्र स्व0 कालीचरन नि0मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीर बाबत मिथुन पुत्र महेश नि0मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी के 02 वर्षीय पुत्र कार्तिक को जानबूझकर मोटरसाईकिल से टक्कर मार देने, जिससे उसकी मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 - 269/2026 पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना के क्रम में नामित अभियुक्त मिथुन उपरोक्त को आज दिनांक 11.08.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर चाँदापुर मोड के पास से मोटरसाईकिल के साथ समय करीब 13.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध साक्ष्य संकलित करते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

मिथुन पुत्र महेश उम्र करीब 24 वर्ष नि0मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय -**

चाँदापुर मोड के पास, दिनांक 11.08.2026 को समय करीब 13.30 बजे।

**बरामदगी का विवरण –**

मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

उ0नि0 मोहसिन अली थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

रि0का0 राहुल कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।